राजस्थान सरकार

कार्यालय भू–प्रबन्ध आयुक्त राजस्थान, जयपुर

विमान भवन, गोपालबाड़ी, जयपुर–302001 दूरभाष नं. 0141–2373904 ईमेल–scr-rj@nic.in

क्रमांक/फा/भूप्रआ/संस्था–III/5/1/7/पदो./2023/3387-93 दिनांकः– 04/04/202

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 6779–85 दिनांक 06.10.2023 द्वारा विभाग में दिनांक 27.09.2023 को कनिष्ठ प्रारूपकार से वरिष्ठ प्रारूपकार एवं अनुरेखक से कनिष्ठ प्रारूपकार पद पर पदोन्नति की गई। जिसमें कनिष्ठ प्रारूपकार से वरिष्ठ प्रारूपकार पद पर वर्ष 2021–22 के रिक्त के विरूद्व श्री जगदीश चन्द्र (एस.सी.) कनिष्ठ प्रारूपकार को वरिष्ठ प्रारूपकार के पद पर पदोन्नत किया गया। साथ ही दिनांक 06.10.2023 को वर्ष 2021–22 में श्री जगदीश चन्द्र (एस.सी.) कनिष्ठ प्रारूपकार से वरिष्ठ प्रारूपकार पद पर पदोन्नत होने से रिक्त पद के विरूद्व श्री दीपक वर्मा (एस.सी.) अनुरेखक को कनिष्ठ प्रारूपकार के पद पर पदोन्नति दी गयी गई।

उक्त पदोन्नति में पदोन्नत हुए कार्मिक श्री जगदीश चन्द्र (एस.सी.) ने वरिष्ठ प्रारूपकार पद पर पदोन्नति फारगो अभ्यावेदन प्रस्तुत किया जिसके फलस्वरूप इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 7309–14 दिनांक 06.11.2023 द्वारा फारगों अभ्यावेदन स्वीकार किया गया। किन्तु श्री दीपक वर्मा (एस.सी.) कार्मिक ने कनिष्ठ प्रारूपकार पद पर दिनांक 06.10.2023 को उपस्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

ऐसी स्थिति में एस.सी. श्रेणी का पद रिक्त नहीं रहता है। विभाग में कनिष्ठ प्रारूपकार के कुल 12 पद स्वीकृत है। अनुरेखक पद पर श्री दीपक वर्मा के अतिरिक्त और कोई भी श्रेणी का कार्मिक कार्यरत नहीं होने से कनिष्ठ प्रारूपकार की पदोन्नति के सामान्य 09, पद के विरूद्व 01 पद पर श्री दीपक वर्मा (एस.सी.) कार्मिक को अर्थात सामान्य के 01 पद के विरूद्व पदोन्नति दिये जाने की अनुमति राजस्व ग्रुप–1 से प्राप्त होने पर भविष्य में श्री जगदीश चन्द्र (एस.सी.) कनिष्ठ प्रारूपकार के दिनांक 30.12.2025 को से.नि. होने के पश्चात् रिक्त एस.सी. के उक्त पद के विरूद्व सामान्य श्रेणी में चयनित श्री दीपक वर्मा कनिष्ठ प्रारूपकार को रिक्त एस.सी. के पद पर समायोजित किया जावेंगा।

अति. भू–प्रबन्ध आयुक्त,
राजस्थान,जयपुर।

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. भू–प्रबन्ध अधिकारी, कोटा।
2. कोषाधिकारी द्वारा संबंधित कार्यालय।
3. संबंधित कार्मिक द्वारा संबंधित कार्यालय।
4. निजि पंजिका संबंधित कार्मिक द्वारा संबंधित कार्यालय।
5. संस्था–I, मु.का.।
6. प्रभारी, आई.टी. शाखा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

अति. भू–प्रबन्ध आयुक्त,
राजस्थान,जयपुर।